केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
(पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)
परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर,
दिल्ली - 110032

सं.सी-27011/2/2016-17 हिन्दी/545 दिनांक : 13.08.2018

परिपत्र

हिन्दी प्रभाग द्वारा जारी परिपत्र सं.सी-27011/2/2016-17 हिन्दी/423 दिनांक 02.08.2018 के क्रम में, केन्द्रीय बोर्ड में 14 सितम्बर, 2018 (शुक्रवार) को आयोजित किए जाने वाले हिन्दी दिवस समारोह के उपलक्ष्य में अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आयोजित होने वाली निम्नलिखित प्रतियोगिताओं की रूपरेखा इस प्रकार है:

क्र. सं.	प्रतियोगिता का नाम	पुरस्कार	पुरस्कारों की राशि	पुरस्कारों की संख्या	पात्रता
01.	वाद-विवाद प्रतियोगिता	प्रथम	5000.00	एक	सभी वर्गों के अधिकारी/कर्मचारी
		द्वितीय	3000.00	एक	
		तृतीय	2000.00	एक	
		प्रोत्साहन	1000.00	दो	
02.	प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता	प्रथम	5000.00	एक	सभी वर्गों के अधिकारी/कर्मचारी
		द्वितीय	3000.00	एक	
		तृतीय	2000.00	एक	
		प्रोत्साहन	1000.00	दो	

02. तीसरी प्रतियोगिता अर्थात वाद-विवाद प्रतियोगिता के अन्तर्गत प्रतिभागी को **"बदलता वातावरण-चुनौतियां एवं समाधान"** विषय पर **पक्ष अथवा विपक्ष** पर अपने मत प्रस्तुत करने होंगे, जिसकी प्रस्तुती के लिए 05 मिनट का समय दिया जायेगा। प्रतियोगिता के निर्णायकों का निर्णय अंतिम होगा।

03. चौथी प्रतियोगिता अर्थात प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के अंतर्गत कार्यालययी हिन्दी, सामान्य हिन्दी एवं राजभाषा हिन्दी से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। यह प्रतियोगिता तीन चरण में की जानी प्रस्तावित है। प्रतिभागियों द्वारा नामांकन भरे जाने के आधार पर टीमें बनाई जाएगी। टीम का गठन प्रतियोगिता स्थल पर ही "नाम पर्ची" के आधार पर किया जाएगा। **प्रत्येक विजेता टीम द्वारा पुरस्कार राशि साझा की जाएगी।**

04. प्रतियोगिताओं की आयोजन तिथि इस प्रकार रहेगी:

- हिन्दी टिप्पण/आलेखन/पत्राचार प्रतियोगिता - 04.09.2018 (मंगलवार) प्रात: 11.00 बजे
- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता - 06.09.2018 (गुरूवार) प्रात: 11.00 बजे
- वाद-विवाद प्रतियोगिता - 06.09.2018 (गुरूवार) अपराह्न: 03.00 बजे

सभी प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल का निर्णय, अंतिम एवं मान्य होगा।

06. उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में शामिल होने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित तिथि अर्थात दिनांक 24.08.2018 तक अपने नाम हिन्दी अनुभाग में भेजने का कष्ट करें। दिनांक 24.08.2018 के पश्चात प्राप्त नामांकनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(शीतल प्रसाद)
प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.)

सेवा में,

सभी अधिकारी/कर्मचारी, केन्द्रीय बोर्ड, (मुख्यालय)

प्रतिलिपि

1. प्रभारी, वित्त एवं लेखा प्रभाग, केन्द्रीय बोर्ड
2. सभी प्रभाग प्रभारी - कृपया अपने अधीनस्थ कर्मचारियों में परिचालित करें व उन्हें प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।
3. परिवेश भवन के सभी तलों के सूचना पट्ट
4. प्रभारी, आई.टी. प्रभाग - कृपया इस परिपत्र को केन्द्रीय बोर्ड की वेबसाइट व इंट्रापोर्टल पर अपलोड करें।

(शीतल प्रसाद)
प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.)